# राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत हितग्राहियों को महापौर नीरज पाल ने नवीन पट्टों का किया वितरण, पट्टा पाकर हितग्राहियों के चेहरे खिले

भिलाई नगर/ राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत आज निगम में महापौर नीरज पाल ने हितग्राहियों को नवीन पट्टों का वितरण किया। पट्टा पाकर हितग्राहियों के चेहरे में मुस्कान साफ नजर आ रही थी। एमआईसी मेंबर केशव चौबे के वार्ड क्रमांक 16 शंकर पारा एवं इंदिरानगर सुपेला के हितग्राहियों को पट्टा प्रदान किया गया। पट्टा वितरण के दौरान जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर , महापौर परिषद के सदस्य एवं लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य एकांश बंछोर, वैशाली नगर के जोन अध्यक्ष रामानंद मौर्या व सेक्टर 6 जोन कार्यालय के जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी एवं ब्लॉक अध्यक्ष नंदकुमार कश्यप सहित अन्य मौजूद रहे। पट्टा वितरण के लिए सर्वे कार्य पूर्ण होने के उपरांत तथा विभागीय प्रक्रिया पूरा कर नवीन पट्टा हितग्राहियों को प्रदान किया गया है। यह पट्टा 30 वर्ष के लिए दिया गया है। अब इस पट्टे के आधार पर हितग्राही प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं। पट्टा प्राप्त करने वाले हितग्राहियों में बिंदा बाई आत्मज गणेश नेताम , भूमिता हटिले आत्मज जगदेव हटिले, कुसुम बाई आत्मज किशोरीलाल , बच्ची देवी आत्मज श्याम किशोर , जानकी सिन्हा आत्मज बुधराम सिन्हा, ईशरावती देवी आत्मज गंगेश यादव, सविता देवी आत्मज राज कुमार यादव, सुशीला बंसोर और आत्मज गिरीराम बंसोर, रिंकू साहनी आत्मज जगदीश साहनी , शकुंतला दास आत्मज भरतदास एवं उषा साहू आत्मज रघुनाथ साहू शामिल थे। जिन हितग्राहियों को पट्टा आज प्राप्त हुआ है वह पहले से उसी स्थान पर निवासरत थे, परंतु उनके पास इससे संबंधित कोई भी दस्तावेज नहीं थे , लेकिन अब इन 11 हितग्राहियों को महापौर नीरज पाल ने नवीन पट्टा का वितरण कर इन्हें पट्टा प्रदान किया है। जिसके चलते हितग्राहियों के चेहरे पर मुस्कुराहट नजर आने लगी और अब वे शासकीय योजनाओं का लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे।